ूरभाष : 05644 - 260495, 260379 (O)
फैक्स: 05644 -260565, 260419 M: 9549157392
इमेल: ashok.drmr@gmail.com

**भा.कृ.अनु.प.–भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान**
**सेवर, भरतपुर (राजस्थान)** 321 303

***डॉ. अशोक कुमार शर्मा***
*प्रधान वैज्ञानिक एवं जनसम्पर्क अधिकारी*

दिनांक : **11-06-2025**

## प्रेस विज्ञप्ति

# केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी द्वारा भरतपुर में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**11 जून 2025 | भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर**

**विकसित कृषि संकल्प अभियान** के अंतर्गत **केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी** 12 जून 2025 को राजस्थान के भरतपुर जिले के **रारह गाँव** तथा **भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान** में किसानों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। वे किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य आधारित उर्वरक प्रबंधन, ड्रोन तकनीक के प्रयोग तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को मिल रहे लाभों एवं किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी** के **"विकसित भारत 2047"** के संकल्प को साकार करने की दिशा में, **केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान** के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून 2025 तक देशभर में **विकसित कृषि संकल्प अभियान** चलाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को खेतों तक पहुँचाना, किसानों की आय में वृद्धि करना, कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देना तथा भारत को वैश्विक खाद्य आपूर्ति केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान के **निदेशक डॉ. विजय वीर सिंह** ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी, लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना, प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिपूर्ति तथा कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए **भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्** के मार्गदर्शन में 2000 बहुविषयक वैज्ञानिक टीमों का गठन किया गया है, जो देशभर के 1.5 करोड़ किसानों के सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान में सहायता करेंगी।

(अशोक कुमार शर्मा)